जर्जर मकान का लेंटर गिरा, किसान की मौत

पट्टी, प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव में मंगलवार देर रात जर्जर मकान का लेंटर अचानक भरभराकर गिर गया। मलबे के नीचे दबने से ५५ वर्षीय किसान की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कारर्वाई शुरू कर दी।

पुराने-जर्जर मकानों पर कारर्वाई के निर्देश बेअसर

बताते है कि बरहूपुर निवासी रामकुमार वर्मा (५५) पुत्र राम अधीन वर्मा रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गये थे। परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे, जबकि उनका पुत्र भानु प्रताप वर्मा कमरे के बाहर बरामदे में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। रात करीब १० बजे अचानक तेज आवाज के साथ कमरे की छत का लेंटर भरभराकर गिर पड़ा। आवाज सुनकर भानु कमरे में पहुंचा तो पिता मलबे में दबे मिले। शोर सुनकर परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद रामकुमार को मलबे से बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसान के षव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

महुली हादसे के बाद भी नहीं चेते जिम्मेदार

पट्टी, प्रतापगढ। जिले में पुराने और जर्जर मकान लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। कुछ माह पहले महुली में जर्जर मकान गिरने से बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें कई लोगों की जान चली गयी थी। इसके बाद भी जर्जर भवनों को लेकर प्रभावी कारर्वाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुराने मकान जर्जर हालत में हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे भवनों का सर्वे कराकर समय रहते कारर्वाई की मांग की है।



बरहूपुर में गिरा मकान का मलबा।

ट्रेन पटरी से उतरने की सूचना पर दौड़े अधिकारी, मची खलबली

प्रतापगढ़। रेलवे की सुरक्षा और आपातकालीन व्यवस्थाओं को परखने के लिए मंगलवार शाम लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बिना पूर्व सूचना के गुप्त माक ड्रिल कराई। ट्रेन के पटरी से उतरने और यात्रियों के घायल होने की सूचना प्रसारित होते ही रेलवे, पुलिस और प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गयी। आरपीएफ, स्थानीय पुलिस, रेलवे अधिकारी और एंबुलेंस टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गईं।

माक ड्रिल की योजना सीनियर डीएसओ (लखनऊ) अरुण कुमार, टी सेफ्टी एनएल पांडेय, पीडब्ल्यूआई

माक ड्रिल से रेलवे अधिकारी रहे संतुष्ट

सेफ्टी सुनील कुमार और ट्रैफिक सेफ्टी एसपी गौतम ने तैयार की थी। योजना के तहत अरुण कुमार और एनएल पांडेय प्रतापगढ़ से वाराणसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। गौरा रेलवे स्टेशन के पास गौरा माइनर के समीप ट्रेन रुकवाकर गार्ड और स्टेशन मास्टर रवि प्रकाश मिश्र के माध्यम से दो बोगियों के डिरेल होने और यात्रियों के घायल होने की सूचना प्रसारित करायी गयी। सूचना मिलते ही फतनपुर और रानीगंज थाने की पुलिस १५ से २० मिनट में मौके पर पहुंच गयी। रेलवे सुरक्षाबलों और चिकित्सा टीमों ने भी तत्परता दिखाई।

बाद में अधिकारियों ने बताया कि यह आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन और रेलवे की प्रतिक्रिया समय तथा बचाव तैयारियों को परखने के लिए अभ्यास था।

सीओ रानीगंज प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कारर्वाई की।

शहीद योगेश की स्मृति में आज होंगे विविध आयोजन

प्रतापगढ़। शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर योगेश तिवारी की शहादत दिवस पर एक अक्टूबर को पैतृक आवास बलीपुर परसन, चमरूपुर शुक्लान में विविध आयोजन होंगे। आयोजक आशुतोष 'आशू' ने बताया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के बाद शाम ४:३० बजे श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह होगा। कवि सम्मेलन में कवि शहीद के राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान को नमन करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

दुकान से चोरी का सामान बरामद, तीन गिरफ्तार

प्रतापगढ़। मानधाता पुलिस और स्वाट ने इलाके के हैंसी बाजार से २६ सितंबर की रात चोरी हुए इलेक्ट्रानिक्स सामान के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसआई प्रभात वर्मा, अनूप यादव और स्वाट प्रभारी अमित चौरसिया ने वाहन चेकिंग के दौरान इलाके के मिश्रपुर के पास से तीन लोगों को चोरी के एम्प्लीफायर, स्पीकर सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपित मानधाता के ही परसरामपुर निवासी अनुपम पटेल, सौरभ यादव और शोभीपुर के आदित्य यादव हैं। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया।

फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, हड़कम्प

सीने पर लिखा था-सास के कारण दे रही हूं जान

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मलाका तारा जमेठी गांव में बुधवार सुबह २५ वर्षीय नवविवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। षव मिलने की जानकारी पर हड़कम्प मच गया। शादी के महज आठ माह बाद हुई मौत से परिवार में सनसनी फैल गयी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस को मृतका के सीने पर लिखा संदेश मिला है, जिसमें सास के कारण जान देने की बात लिखी होने की जानकारी दी गयी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।



मृतका अन्तिमा की फाइल फोटो।

मलाका तारा जमेठी निवासी आकाश मिश्रा पुत्र अनिरुद्ध मिश्रा की शादी फरवरी २०२५ में हथिगवां क्षेत्र के चरन मिश्र का पुरवा बिसहिया निवासी गंगा सागर मिश्रा की बेटी रोहनी मिश्रा उर्फ अंतिमा मिश्रा से हुई थी। मायके वालों के अनुसार, मंगलवार रात रोहनी ने घर के अंदर चुल्ले में साड़ी के सहारे फंदा लगा लिया। बुधवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो पुलिस और मायके वालों को सूचना दी गयी। मृतका के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शादी में सामर्थ्य के अनुसार दहेज देने के बावजूद पति आकाश मिश्रा, ससुर अनिरुद्ध मिश्रा और सास मंजू मिश्रा रुपये लाने का दबाव बनाते थे। रोहनी इसकी शिकायत मायके वालों से करती थी। पिता का आरोप है कि ससुराल पहुंचने पर बेटी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार, मृतका के शरीर पर लिखे संदेश में सास के कारण जान देने की बात लिखी मिली है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पिता की तहरीर के आधार पर विधिक कारर्वाई की जा रही है।

मैकेनिक ने ट्रक मालिक को पीटा

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के महुआर निवासी मकसूद ने अपने ट्रक की भुपियामऊ के गैराज पर मरम्मत कराई। तीन लाख रुपये देने के बाद भी ट्रक की मरम्मत ठीक से नहीं हुई। वह ट्रक लेने गया तो मैकेनिक और रुपये मांगने लगा। इसे लेकर उनके बीच विवाद होने लगा।

कहासुनी बढ़ी और मैकेनिक, उसके बेटे ने मकसूद को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मैकेनिक विनोद विश्वकर्मा और उसके बेटे अंकुर के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

शादी रचाकर जेवरात समेटा और विदाई से मुकर गये ससुराल वाले

प्रतापगढ़। विवाह के नाम पर धोखाधड़ी कर जेवरात हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ईशीपुर निवासी पीड़ित हिमांशु सिंह ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर अपनी ससुराल वालों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित हिमांशु सिंह के मुताबिक, उसका विवाह बीती ७ मई २०२६ को प्रयागराज के सराय इनायत अंतर्गत उमरी निवासी शालिनी के साथ हुआ था। शादी की रस्में पूरी होने के बाद ससुराल वालों ने रिवाज का बहाना बनाकर लड़की को विदा नहीं किया और चार दिन बाद आने को कहा। आरोप है कि जब पीड़ित ने दोबारा संपर्क किया, तो वे टालमटोल करने लगे। बाद में पता चला कि ससुराल वालों ने शालिनी की दूसरी शादी कहीं और कर दी है। जब पीड़ित ने शादी में चढ़ाए गये जेवरात और थान-धार वापस मांगे, तो आरोपितों ने भद्दी गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।



बाबागंज ब्लाक में स्टाल का अवलोकन करते अतिथि।



कोहड़ौर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की कलाकृतियों का अवलोकन करते बीईओ।

चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

कोहंडौर, प्रतापगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड मंगरौरा के ४६ विद्यालयों के बच्चों की चित्रकला प्रदर्शनी प्राथमिक विद्यालय कोहंडौर में लगाई गयी। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार वर्मा ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर पांच सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन किया। उन्होंने बच्चों से चित्रों से संबंधित सवाल पूछकर उनके ज्ञान को भी परखा।

बच्चों ने प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता, जल चक्र, स्वस्थ पर्यावरण, इसरो की प्रगति, प्रकाश संश्लेषण, पौधरोपण और वृक्षों की कटाई रोकने जैसे विषयों पर चित्र बनाए थे। बच्चों ने चित्रों से संबंधित सवालों के जवाब सहजता से दिये। प्रदर्शनी से पहले खंड शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कोहंडौर के बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय कोहंडौर की रिद्धिका ने प्रथम, मंदाह की लक्ष्मी ने द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय कांधरपुर की सृष्टि वर्मा ने तृतीय, संविलियन विद्यालय धरौली मधुपुर के आदर्श पाल ने चतुर्थ और इशीपुर की आस्था पाल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एआरपी राज किशोर मिश्र, आशीष प्रकाश सिंह और शकील अहमद मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक मृत्युंजय सिंह ने प्रदर्शनी का संचालन करते हुए सभी का आभार जताया।

पांच सर्वश्रेष्ठ चित्रों का हुआ चयन

बुलेट से तस्करी कर रहा शातिर ११ ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खटकटहवा पुल के पास घेराबंदी कर एक शातिर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित बृजेश पांडेय निवासी गधियावां के पास से बिना नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल और ११.७४ ग्राम अवैध एमडी (मेथाम्फेटामाइन) ड्रग्स बरामद की है। पूछताछ में पकड़े गये आरोपित ने कुबूल किया कि वह यह नशीला पदार्थ पट्टी निवासी आनंद पांडेय उर्फ सुधांशु और जौनपुर के पन्नेलाल निषाद से खरीदकर लाता था। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सप्लायरों की तलाश शुरू कर दी है।

सेवा संकल्प मेले का हुआ समापन

बाबागंज, प्रतापगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत बाबागंज विकासखंड परिसर में २३ सितंबर से चल रहे बहुउद्देशीय सेवा शिविर एवं मेले का बुधवार को समापन हो गया। एक सप्ताह तक चले मेले में विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल और प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन गौतम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिलती है। मेले में स्वास्थ्य, खाद्य एवं रसद, कृषि, आंगनबाड़ी तथा पुष्टाहार सहित कई विभागों के स्टाल लगाए गये। कर्मचारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, उद्देश्य और लाभ लेने की प्रक्रिया बताई। समापन अवसर पर स्वयं सहायता समूह एवं एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं ने आकर्षक रंगोली तैयार की।

रंग-बिरंगे रंगों से बनाई गयी रंगोली ने मेले में पहुंचे लोगों का ध्यान आकर्षित किया। महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को भी रंगोली में उकेरा। रंगोली देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही और महिलाओं के प्रयास की सराहना की गयी। इस दौरान झींगुर गांव के छः माह के अनुराग की मा अर्चना देवी का अन्न प्राषन कराया तथा ज्योति पत्नी ऋशि कुमार नेवादा खुर्द की गोदभराई करायी गयी। इस मौके बीडीओ मिर्जा इरफान बेग, सीपीडीओ मीरा मिश्रा, एडीओ पंचायत केवला प्रसाद, प्रभारी एडीओ आरडी संजय चंद्रा, मंडल अध्यक्ष मनोज पटेल, सचिव संदीप कुमार, सुनील कुमार, एडीओ कृषि जेपी निषाद, भूपेंद्र प्रताप, स्वयं सहायता समूह की अंजली सरोज, शगुन, उर्वशी शुक्ला, पंचायत सहायक प्रतिमा कोरी, ममता मौर्य, पूनम यादव, पर्यवेक्षक कनकलता एवं रेखा पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

महिलाओं की आकर्षक रंगोली ने खींचा ध्यान

पीआरवी के चालक को टक्कर मारने में केस

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली के मनगढ़ गांव निवासी देवानंद पांडेय ने मानिकपुर पुलिस को तहरीर दी। वह होमगार्ड के पद पर सेवारत है, मौजूदा समय में पीआरवी (यूपी ११२) के चालक के रूप में मानिकपुर थाने में सेवारत है।

१८ सितंबर को करीब तीन बजे मारपीट की सूचना मिली तो वह तिवारीपुर के पास सड़क किनारे घटना की सूचना ले रहा था। तभी लालजी मौर्य निवासी मनिहारी टोला राजघाट मानिकपुर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे उसका पैर तीन जगह से टूट गया। इसमें बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित होमगार्ड देवानंद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित लालजी मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कृषक गोष्ठी में किसानों को आधुनिक खेती और बागवानी की दी तकनीकी जानकारी

प्रतापगढ़। उद्यान विभाग की ओर से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना एवं 'पर ड्राप मोर क्राप' माइक्रो इरीगेशन योजना वर्ष २०२६-२७ के तहत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन साईं पैलेस, सरोज चौराहा में किया गया। २९ एवं ३० सितंबर को आयोजित गोष्ठी में किसानों को आधुनिक खेती, बागवानी और सिंचाई की तकनीकों की जानकारी दी गयी।

दूसरे दिन उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा और वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र ऐंटू कालाकांकर महेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों का स्वागत करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाकर कृषि आय बढ़ाने का आह्वान किया। भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह ने मिट्टी को स्वस्थ रखने के उपाय बताए। वरिष्ठ वैज्ञानिक महेंद्र सिंह ने औद्यानिक फसलों, सघन बागवानी तथा फसलों में लगने वाले रोगों और उनके प्रबंधन की जानकारी दी। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताते हुए किसानों से फसल बीमा कराने की अपील की। उद्यान निरीक्षक मो. फाजिल ने माइक्रो इरीगेशन योजना की जानकारी देते हुए आलू अनुदान योजना और भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना के बारे में विस्तार से बताया। गोष्ठी में करीब २०० किसानों ने प्रतिभाग कर तकनीकी जानकारी प्राप्त की। अंत में जिला उद्यान अधिकारी ने अतिथियों एवं किसानों का आभार जताते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

अब समूह की महिलाएं अस्पतालों में मरीजों को परोसेंगी खाना

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के अस्पतालों में भर्ती मरीजों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी अब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी जायेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

जिन अस्पतालों में मरीजों को भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, वहां समूह की सखियों के माध्यम से भोजन व्यवस्था संचालित करायी जायेगी। इस पहल से मरीजों को ताजा और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलने की उम्मीद है। वहीं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। विभाग की ओर से भोजन का मेन्यू और गुणवत्ता के मानक निर्धारित किए जाएंगे। भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण भी किया जायेगा। डिप्टी सीएमओ डा. एस हैदर ने बताया कि योजना के तहत अस्पतालों में भोजन व्यवस्था को बेहतर बनाने की तैयारी चल रही है।

आगामी जनवरी तक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का चयन कर उन्हें अस्पतालों में भर्ती मरीजों को भोजन परोसने की जिम्मेदारी सौंपने का लक्ष्य है।

अधिक मुनाफे के झांसे में गंवाये दो करोड़ रुपये

मुंबई के जालसाजों ने फर्जी कागजात दिखाकर की धोखाधड़ी

प्रतापगढ़। गोमती नगर विस्तार (लखनऊ) में फ्लैट प्रोजेक्ट में भारी मुनाफे का लालच देकर दो करोड़ रुपये की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित अमर कुमार चौरसिया की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के मुताबिक, आरोपित राकेश पाण्डेय और उसके पुत्र गौरव पाण्डेय निवासी उड़ैयाडीह, पट्टी; वर्तमान पता मुंबई ने खुद को गोमती नगर में एक बड़ी जमीन का मालिक बताया। जालसाजों ने फर्जी खतौनी, नक्शा और विभागों की जाली एनओसी दिखाकर पीड़ित को झांसे में ले लिया। विश्वास में आकर पीड़ित ने उनके खाते और नकद मिलाकर कुल दो करोड़ रुपये इन्वेस्ट कर दिये। लंबे समय तक काम शुरू न होने पर जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी, तो आरोपितों ने खुद को बड़ा अपराधी बताते हुए माफियाओं से जान से मरवाने की धमकी दी। पुलिस मामले की गहनता से तफ्तीश कर रही है।

पीडब्ल्यूडी की सड़क पर अतिक्रमण से गमनागमन में परेशानी

बाबागंज, प्रतापगढ़ बाबागंज ब्लाक क्षेत्र के गोगहर गांव में लक्ष्मीगंज-चंपतपुर मार्ग से पूरे गड़रियान संपर्क मार्ग की पटरी पर ग्रामीणों द्वारा दोबारा अतिक्रमण किए जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है। अहिरान और गड़रियान गांव के पास कई लोगों ने पीडब्ल्यूडी की सड़क की पटरी पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा कुछ लोग सड़क की पटरी पर ही अपने मवेशियों को बांध रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की पटरी पर अतिक्रमण और मवेशियों के बंधे रहने से राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत होती है। कई बार ग्रामीणों ने संबंधित लोगों से सड़क की पटरी खाली रखने और मवेशियों को वहां नहीं बांधने की अपील की, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मामले की मौखिक शिकायत पीडब्ल्यूडी के मेट राकेश कुमार मौर्य और जेई दुर्गा पाल से भी की है। आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कारर्वाई नहीं की गयी। ग्रामीणों ने सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है। जब इस बाबत जेई दुर्ग पाल से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि हजारों सड़के हैं और हजारों सड़के से हम जानवर नहीं हटा सकते है।

पांच दशक पुराना मकान जेसीबी से गिराने का आरोप, शिकायत

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सूजन पट्टी गांव निवासी एवं नगर पंचायत रामगंज निवासी अंकित यादव ने कुछ लोगों पर जेसीबी लगाकर उनका करीब ५० साल पुराना मकान गिराने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार घटना २१ सितंबर की है। मामले की शिकायत पुलिस से करने के बावजूद कारर्वाई नहीं होने पर उसने अधिकारियों से गुहार लगायी।

बुधवार सुबह करीब ११.३० बजे अंकित यादव ने एसडीएम सुनील कुमार को शिकायती पत्र देकर कारर्वाई की मांग की। आरोप है कि दबंगों ने जेसीबी मशीन लगाकर मकान गिरा दिया, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ। पीड़ित ने बताया कि पुलिस से शिकायत के बाद भी अपेक्षित कारर्वाई नहीं हुई। इसके बाद उसने तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी। एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी है। प्रकरण की जांच करायी जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कारर्वाई की जायेगी।

दुकानदार का मोबाइल लेकर भागे युवक को पकड़ा

प्रतापगढ़। दुकान पर सो रहे दुकानदार का मोबाइल लेकर भागे उचक्के को लोगों ने पकड़ लिया तो वह मारपीट करने लगा। ग्रामीणों ने आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश कर कारर्वाई की।

कुंडा कोतवाली क्षेत्र के टीकाराम का पुरवा भदरी गांव निवासी मुकेश कुमार सोनकर भदरी रेलवे स्टेशन पर दुकान चलाता है। बुधवार को भोर में वह दुकान पर सो रहा था, तभी एक युवक पहुंचा और उसका मोबाइल लेकर भागने लगा। मुकेश ने शोर मचाते हुए उसको दौड़ा कर पकड़ लिया तो आरोपित मारपीट करने लगा। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़ लिया।

यूपी ११२ को फोन किया पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को कोतवाली लाई। पीड़ित मुकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित रंजीत कुमार सरोज निवासी अखित्यारी कोटिला हथिगवां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस के मुताबिक आरोपित के खिलाफ चोरी, लूट, डकैती, मारपीट गैंगस्टर जैसे सात अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

अतिरिक्त शुल्क के प्रस्ताव का व्यापारियों ने किया विरोध

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक मंगलवार देर शाम जिला मंत्री जवाहर लाल उमरवैश्य के आवास पर हुई। इसमें दो हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेनदेन पर प्रस्तावित व्यापारी छूट दर (एमडीआर) लगाने के प्रस्ताव का पदाधिकारियों ने विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि वे डिजिटल भुगतान व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, लेकिन यूपीआई स्वीकार करने वाले व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि यूपीआई भुगतान पर शून्य व्यापारी छूट दर की व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जसबीर सिंह, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, नगर महामंत्री बृजेश केसरवानी, राहुल खत्री, प्रेम प्रकाश उमरवेश, राजेश केसरवानी, दिनेश जायसवाल और कार्तिकेय मिश्रा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



नगर पंचायत कोहड़ौर के रामापुर वार्ड में गिरे मकान का जायजा लेते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

दबंगों ने जेसीबी से ढहाया गरीब का मकान, शिकायत

बाबागंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज बाजार के वार्ड नंबर ५ (माधवनगर फतूहाबाद) में दबंगों द्वारा एक गरीब का कच्चा मकान जेसीबी मशीन से ढहाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित सुशील कुमार मिश्रा ने महेशगंज थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कारर्वाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक, वह मेरठ में रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता है। आरोप है कि बीते ५ सितंबर को गांव के ही विपक्षियों ने साजिश के तहत उसका पुराना कच्चा मकान जेसीबी से जमींदोज कर दिया। पीड़ित ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला तो बौखलाए आरोपितों ने उसकी पत्नी के मोबाइल पर काल कर भद्दी गालियां दीं और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि मलबे में गृहस्थी का सारा सामान दब गया है और कीमती गहने भी गायब हैं।

बरसात का पानी रोकने पर महिला को पीटा

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में बरसात का पानी रोकने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने महिला से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेहटा निवासी लीलावती रजक ने पुलिस को बताया कि २८ सितंबर की शाम करीब सात बजे बारिश का पानी बढ़ने पर उन्होंने पड़ोसी सौरभ रजक से पानी रोकने के लिए कहा।

आरोप है कि इससे नाराज होकर सौरभ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लात-घूंसों और मुक्कों से मारपीट कर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़िता ने २९ सितंबर को थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर की जांच जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कारर्वाई की जायेगी।

जान से मारने की धमकी



सहिजनी में मृतक के घर शोक जताते विधायक विनोद सरोज।

नाले में डूबने से युवक की मौत, विधायक ने परिजनों को बंधाया ढाड़स

परियावां, प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के सहिजनी प्रेमराज का पुरवा गांव निवासी दीपक सरोज उर्फ दीपू की शौच के दौरान दूबर नाले में डूबने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाड़स बंधाया।

विधायक ने इस दुख की घड़ी में जनसत्ता दल की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने परिजनों को शासन से जल्द ही चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान कालाकांकर ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि परिवार के साथ हरसंभव सहयोग किया जायेगा। जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

बरसात से क्षतिग्रस्त मकानों का डीएम ने किया निरीक्षण, राहत के निर्देश

कोहंडौर, प्रतापगढ़। पट्टी तहसील के नगर पंचायत कोहंडौर के रामापुर वार्ड में बरसात से मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रिंकी गौड़ पत्नी हरिओम के क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लिया। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी पट्टी को आपदा राहत कोष से प्रभावित परिवार को १.२० लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये।

डीएम से स्थानीय लोगों ने शिकायत किया कि संबंधित लेखपाल ने क्षतिग्रस्त मकान की सूचना समय से अधिकारियों को नहीं दी। इस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को निलंबित करने के निर्देश दिये। हालांकि, बताया गया कि लेखपाल को २७ सितंबर को छप्पर गिरने की सूचना मिली थी और उसने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तहसील में भेजी थी। इसके बाद घर की मिट्टी की दीवारें कब गिरीं, इसकी जानकारी बाद में सामने आई। जिलाधिकारी ने परिवार के आवास से जुड़े प्रकरण की भी जानकारी ली। बताया गया कि परिवार के सदस्यों ने आवास के लिए आवेदन किया था। वहीं नगर पंचायत कोहंडौर के बैजू का पुरवा निवासी विमला देवी पाल पत्नी बृजलाल के क्षतिग्रस्त मकान तथा विद्या देवी के मकान और पशुशाला का भी डीएम ने निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को बरसात से प्रभावित सभी मकानों की क्षति का आकलन कर नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कारर्वाई करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा।

सूचना

मेरे आधारकार्ड सं0 323891770468 में अंग्रेजी नाम SUSHMA JAISWAL तथा पिता का नाम BHOLA NATH JAISWAL लिख उठा है, जो गलत है। जबकि शैक्षिक अभिलेखों में KM SUSHAMA तथा पिता का नाम BHOLA NATH JAYASAWAL है, जो सही है। यही आधारकार्ड में भी होना चाहिये। कु0 सुषमा पुत्री-भोला नाथ जायसवाल निवासी-नगर पंचायत गड़वारा, तहसील सदर, जनपद प्रतापगढ़ ३०प्र0।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1653779 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र खो गया है। कु0 पूनम पुत्री-राम चन्द ग्रा0 उसरी पो0 जगेशरगंज, प्रतापगढ़।